# प्रथम चरण का जनगणना कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण

## नगर परिषद बड़ौदा में सबसे पहले पूर्ण हुआ कार्य

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 16 मई।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जनगणना-2027 अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में व्यवस्थित रूप से किये जा रहे इस महत्वपूर्ण कार्य के तहत अभी तक 90.28 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सीईओ जिला पंचायत एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती सौम्या आनंद ने बताया कि श्योपुर जिले में जनगणना के लिए बनाये गये 9 चार्ज कार्यालयो के अधीन 1379 एचएलबी अर्थात हाउस लिस्टिंग ब्लॉक बनाये गये थे, जिसमें से 1245 एचएलबी का कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष 134 एचएलबी का कार्य भी शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा।



जनगणना के लिए तहसील एवं निकायवार बनाये गए चार्ज कार्यालयों में नगर परिषद बडौदा द्वारा सबसे पहले जनगणना का कार्य पूर्ण करने में सफलता प्राप्त की है। नगरपरिषद बडौदा अंतर्गत बनाये गये सभी 36 एचएलबी में जनगणना के प्रथम चरण का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

प्रभारी जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा ने बताया कि तहसील विजयपुर अंतर्गत 266 एचएलबी में से 238, नगरपरिषद विजयपुर अंतर्गत 33 एचएलबी में से 29, तहसील वीरपुर अंतर्गत 178 एचएलबी में से 170, तहसील श्योपुर अंतर्गत 349 एचएलबी में से 316, नगरपालिका श्योपुर अंतर्गत 140 एचएलबी में से 133, तहसील बडौदा अंतर्गत 167 एचएलबी में से 160 तथा तहसील कराहल अंतर्गत 210 एचएलबी में से 163 एचएलबी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि नगरपरिषद बडौदा अंतर्गत शत प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### सुपरवाइजर मुदगल ने किया कार्य पूर्ण

जनगणना- 2027 अंतर्गत श्योपुर तहसील अंतर्गत सुपरवाइजर शिवकुमार मुदगल ने सर्वप्रथम जनगणना के प्रथम चरण का कार्य पूर्ण कर लिया है। श्री मुदगल के पास ग्राम सेमल्दा एवं नसीरपुरा की 4 एचएलबी क्रमांक 39, 40 एवं 43, 44 का कार्य था, इनके द्वारा प्रगणकों के माध्यम से सभी आवंटित एचएलबी का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया है तथा चार्ज कार्यालय तहसील श्योपुर में नजरी नक्शा भी जमा करा दिया गया है।

## आज कोर्ट, कलेक्ट्रेट फीडर से बंद रहेगी बिजली

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 16 मई।** 11 केव्ही एवं 33 केव्ही फीडरो पर लाइन मेंटेनेस के चलते रविवार 17 मई को कोर्ट एवं कलेक्ट्रेट फीडर से सुबह 07 बजे से 11 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।

प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 17 मई रविवार को कोर्ट एवं कलेक्ट्रेट फीडर से प्रात: 07 बजे से प्रात: 11 बजे तक विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी। जिसके चलते गिट्टी क्रेशर, अस्पताल क्षेत्र, स्टेडियम क्षेत्र, ढेगदा, इको सेंटर, जिला पंचायत क्षेत्र, न्यायालय मजिस्ट्रेट कॉलोनी एवं शिवपुरी रोड श्योपुर पर विधुत की आपूर्ति बंद रहेगी।



## 10वीं एवं 12वीं बोर्ड अंतर्गत हुए विज्ञान एवं अंग्रेजी के पेपर

**श्योपुर, 16 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा परीक्षार्थियों के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के 5 परीक्षा केन्द्रों पर 10वी एवं 12वी बोर्ड अंतर्गत विज्ञान एवं अंग्रेजी के पेपर हुए। 12वी बोर्ड के लिए आयोजित द्वितीय परीक्षा के तहत अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 452 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। यह परीक्षा 05 सेंटरों पर आयोजित हुई। अंग्रेजी विषय की परीक्षा के लिए दर्ज 467 परीक्षार्थियों में से 452 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया। 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार 5 परीक्षा केन्द्रों पर 10वी बोर्ड अंतर्गत विज्ञान विषय की परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। विज्ञान विषय की परीक्षा में 704 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। परीक्षा के लिए दर्ज 715 परीक्षार्थियों में से 704 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया तथा 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। जिला शिक्षा अधिकारी यश जैन द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन किया गया।




## पानी की टंकी एवं पशुहोद का नवीनीकरण

**श्योपुर, 16 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं के संरक्षण के लिए जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण के कार्य जारी है। इसी क्रम में ग्राम फतेहपुर में पानी की टंकी एवं पशुहोद का नवीनीकरण कार्य कराया गया है।

परियोजना अधिकारी विक्रम जाट ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण के कार्य कराये जा रहे हैं। इसी क्रम में फतेहपुर ग्राम में पानी की टंकी एवं पशुहोद का नवीनीकरण कराया गया है, जिससे ग्रीष्मकाल में पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता सुगम होगी।

## 12वी बोर्ड की द्वितीय परीक्षा में शामिल हुए 13 परीक्षार्थी

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 16 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा परीक्षार्थियों के लिए द्वितीय परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के 5 परीक्षा केन्द्रों पर 12वी बोर्ड की द्वितीय परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। संस्कृत विषय की परीक्षा में 13 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। यह परीक्षा 05 सेंटरों पर आयोजित हुई। संस्कृत विषय की परीक्षा के लिए दर्ज 14 परीक्षार्थियों में से 13 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा में भाग लिया गया। 01 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा।



## आंकाक्षी विकासखण्ड की समीक्षा बैठक

**श्योपुर, 16 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत जनपद सीईओ विजयपुर दीपक धाकड़ एवं आकांक्षी ब्लॉक फेलो अखिलेश तोमर द्वारा आकांक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम से संबंधित 38 इंडिकेटर पर संबंधित ब्लॉक अधिकारी एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य विभाग, पीएचई, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग से अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सीईओ जनपद दीपक धाकड़ द्वारा समस्त ब्लाक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संबंधित अधिकारी आकांक्षी इंडिकेटर पर फोकस करें और सभी पात्र व्यक्ति को शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचायें।

# बिजली से संबंधित शिकायतों के तुरंग होंगे निराकरण

## 19 को ज्वालापुर, जैदा तथा 20 को 08 स्थानों पर लगेंगे शिविर

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 16 मई।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं से संपर्क में रहने के उद्देश्य से चलाई जा रही संपर्क अभियान योजना अंतर्गत आज 16 मई को 14 विधुत वितरण केन्द्रों अंतर्गत आयोजित किये गये शिविर के माध्यम से 508 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया।



महाप्रबंधक एलएन पाटीदार ने बताया कि संपर्क अभियान योजना अंतर्गत कंपनी द्वारा विद्युत वितरण केन्द्रो के अंतर्गत कलस्टर वार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 मई को विभिन्न स्थानों पर आयोजित किये गये शिविरों में बिल सुधार, मीटर से संबंधित तथा सर्विस केबल से संबंधित, कनेक्शन, भुगतान सहित तकनीकी सेवाओं से संबंधित कुल 653 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 508 शिकायतों, आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। शेष आवेदनों में समय सीमा नियत की गई। उन्होंने बताया कि आगामी 20 मई एवं 23 मई को भी विद्युत वितरण केन्द्र अंतर्गत 14 स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

**20 को इन स्थानों पर लगेंगे शिविर :** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं से संपर्क में रहने के उद्देश्य से लागू की गई संपर्क अभियान योजना के तहत 19 मई को वितरण केन्द्र सोईकलां अंतर्गत तिल्लीपुर तथा वितरण केन्द्र श्योपुर ग्रामीण अंतर्गत जैदा में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 20 मई को 08 विधुत वितरण केन्द्रों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने बताया कि शिविर के माध्यम से बिल सुधार, मीटर से संबंधित तथा सर्विस केबल से संबंधित, कनेक्शन, भुगतान सहित तकनीकी सेवाओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि 20 मई को विद्युत वितरण केन्द्र भोगिका तिराहा अंतर्गत सोठवा, ढोढर केन्द्र अंतर्गत ग्राम हीरापुर में, वितरण केन्द्र ढोटी अंतर्गत ग्राम मावदा में, वितरण केन्द्र विजयपुर-2 अंतर्गत ग्राम गोहटा में, वितरण केन्द्र रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम बलावनी में, वितरण केन्द्र वीरपुर अंतर्गत ग्राम श्यारदा में, वितरण केन्द्र विजयपुर-1 अंतर्गत ग्राम हुल्लपुर में, वितरण केन्द्र कराहल अंतर्गत ग्राम बरगवा में शिविर लगाये जाएंगे।





# विश्व डेंगू दिवस पर जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन

## जनभागीदारी- जांच करें, सफाई करें और ढकें थीम पर कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 16 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर इस वर्ष की थीम डेंगू नियंत्रण के लिए जन भागीदारी जांच करें, सफाई करें और ढंके के अंतर्गत श्योपुर जिले में व्यापक जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय श्योपुर सहित विकासखंड विजयपुर, कराहल एवं बड़ौदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्यशालाएं आयोजित की गई। इसके साथ ही हस्ताक्षर अभियान, डेंगू से बचाव एवं रोकथाम हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम तथा पंपलेट वितरण कर लोगों को डेगूं की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रमों में आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार के निर्देशन में जिला चिकित्सालय श्योपुर में आयोजित कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एस.एन. बिंदल द्वारा डेंगू के बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि डेंगू एक पूर्णत: रोकथाम योग्य बीमारी है तथा इसके प्रभावी नियंत्रण के लिए जन-सहभागिता एवं सामुदायिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान घर-घर जाकर लार्वा सर्वे करने, बुखार के मरीजों की समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने, जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने एवं कहीं पर भी पानी जमा न होने देने, समुदाय स्तर पर व्यापक जन-जागरूकता आदि बिन्दुओं पर जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर सिविल सर्जन सहमुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.बी. गोयल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एन. सक्सेना, सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जी.के. गोयल, जिला क्षय अधिकारी डॉ. यतेन्द्र सिंह रावत सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ताएं उपस्थित रहीं।

विकासखंड विजयपुर में आयोजित कार्यशाला में चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमल खरे, डॉ. अरविंद किरार, डॉ. प्रमोद गहलोत, एमटीएस साहब कुरैशी, बीपीएम दिलीप दंडौतिया एवं बीसीएम कमल किशोर जाटव आदि मौजूद रहें। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ौदा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राघवेंद्र भदौरिया एवं एमटीएस अरविंद गर्ग एवं कराहल में चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुशल, डॉ. पुष्पेन्द्र, एम.आई. नरसिंह गौड़ एवं बीसीएम नवीन यादव सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी विकासखंड स्तरीय कार्यशालाओं में डेंगू से बचाव, रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित सभी लोगों ने डेंगू से बचाव का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रमों के दौरान आमजन को डेंगू से बचाव एवं रोकथाम संबंधी जानकारी देने हेतु पैम्पलेट भी वितरित किए गए, जिससे समुदाय स्तर पर जागरूकता को और अधिक बढ़ावा मिल सके।

## जिले में अभी तक 89 हजार 566 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**श्योपुर, 16 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले में गेहूं उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित हैं। अभी तक 89 हजार 566 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी हैं। श्योपुर जिले में 33 सोसायटियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है। आज दिनांक की रिपोर्ट के अनुसार अभी तक श्योपुर जिले में 89 हजार 566 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है तथा 85 हजार 747 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन गोदाम एवं वेयर हाउस में कर दिया गया है। रेडी टू परिवहन का प्रतिशत 97.43 है। श्योपुर जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं के लिए किसानों को अभी तक 214 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान कर दिया गया है।



## हैपेटाइटिस, एचआईवी एवं सिफलिस की जांच के लिए शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 16 मई।** कलेक्टर सुश्री दाहिमा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वायरल हैपेटाइटिस कन्ट्रोल प्रोग्राम के तहत हाईरिस्क ग्रुप की जांच हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कराहल पर आयोजित उक्त शिविर के दौरान हाईरिस्क ग्रुप में शामिल रोग हैपेटाईटिस, एचआईवी एवं सिफलिस की जांच की गई। कैम्प में कुल 197 लोगों का रेपिड टेस्ट किट द्वारा परीक्षण किया गया, जिसमें से 1 रोगी हेपेटाइटिस-बी का, एक रोगी हेपेटाइटिस-सी का तथा एक रोगी सिफलिस पॉजीटिव पाया गया। कराहल बीएमओ डॉ सौरभ कुशवाह द्वारा शिविर के दौरान हेपेटाइटिस, एचआईवी एवं सिफलिस के बारे में काउंसलिंग की गई तथा पॉजीटिव पाये गये तीनों रोगियों को उपचार प्रदान किया गया।

## नि :शुल्क प्रशिक्षण के आवेदन 12 जून तक

**श्योपुर, 16 मई।** मप्र खादी ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत श्योपुर द्वारा वर्ष 2026-27 में कौशल विकास कार्यक्रम अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को फेब्रिक डफ्टिंग एवं कटिंग- शर्ट, सफारी एवं कुर्ता, एडवांस फैशन डिजाईनिंग, कम्प्यूटर हार्डवेयर रिपेयरिंग, कम्प्यूटर एकाउण्ट विथ टैली, प्लम्बर, राजमिस्त्री, लेदर, फुटवेयर, लेदर गुडस, दौना पत्तल, इलेक्टीशियन घरेलू उपकरण मरम्मत, मोटर बाईडिंग, सोलर पैनल इंस्टालोनध्रिपेयरिंग, अगरबत्ती निर्माण, बेसिक सिलाई गारमेंटस, फैशन डिजायन, कत्तिन बुनकर इत्यादि व्यवसायों में निशुल्क प्रशिक्षण दिलाऐ जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। प्रशिक्षण के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन 12 जून 2026 तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लीए प्रबंधक खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जिला पंचायत श्योपुर मो. 6261362976 से सम्पर्क किया जा सकता है।



## तरबूज का लिया नमूना

**श्योपुर, 16 मई।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिलीप सिकरवार के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा तरबूज का नमूना लेने की कार्यवाही की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी धमेन्द्र जैन ने बताया कि न्यू बस स्टैण्ड के पास फ्रूट मंडी स्थित राइन फ्रूट कंपनी से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत तरबूज का नमूना लिया गया है। जिसे जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। श्री धर्मेन्द्र जैन ने जानकारी दी कि मौके पर उपस्थित दुकान के कर्मचारियों ने बताया कि उनके द्वारा राजस्थान से तरबूज लाकर विक्रय किया जा रहा है।



## आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**श्योपुर, 16 मई।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के सतत् रूप से निरीक्षण किये जाने संबंधी निर्देशों के क्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास महेन्द्र कुमार अम्ब द्वारा बर्धा का सहराना, चकबमूलिया, बागचा, हीरापुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीडीपीओ श्योपुर शहरी नितिन मित्तल एवं प्रभारी सीडीपीओ कराहल श्रीमती सुषमा सोनी उपस्थित रहें।

निरीक्षण के दौरान हीरापुर-डी सक्षम आंगनबाड़ी एवं पीएम जनमन आंगनबाड़ी का संचालन बेहतर पाये जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती नाजिरा खातून और सहायिका श्रीमती आशा आदिवासी को उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के लिए सराहना की गई।

## पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**गोहद, 16 मई।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से गोहद पुलिस द्वारा विशेष वाहन चैकिंग अभियान चौराहा रोड पर रिलायन्स पेट्रोल पंप के पास चलाया गया। यह अभियान उपनिरीक्षक रवि तोमर के नेतृत्व में प्रमुख चौराहों एवं व्यस्त मार्गो पर संचालित किया गया जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाना, दस्तावेज अधूरे होना, सीट बेल्ट का उपयोग न करना तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 11 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए लगभग 4500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। उप निरीक्षक रवि तोमर ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दी।

# कृषि रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान प्रारम्भ

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 16 मई।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, इसी क्रम में श्योपुर जिले में किसानों को कृषि संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से तीनों विकासखण्डों में कृषि रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान की शुरूआत आज 16 मई से की गई।

कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से तीन कृषि रथो को विकासखण्ड क्षेत्र के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



कृषि रथों को दिखाई हरी झंडी

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत कृषि स्थाई समिति के सभापति गिरधारी बैरवा, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया, कृषि वैज्ञानिक डॉ कायम सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ लाखन सिंह गुर्जर, सहायक संचालक कृषि, मुनेश कुमार शाक्य, एडीओ अरूण कुमार शाक्य आदि उपस्थित रहें।

उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि जिले के तीनो विकास खण्डों में एक-एक कृषि रथ का संचालन किया जायेगा। यह रथ आज 16 मई से 25 मई तक विकासखण्ड क्षेत्र के ग्रामों में जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देने, विभागीय कृषि योजनाओं के प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, पराली प्रबंधन आदि विषयों के संबंध में कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से किसानों को जानकारियों प्रदान की जायेगी।

इन रथों के साथ कृषि विभाग, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि वैज्ञानिक, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग के अधिकारी तकनीकी दल के रूप में रहेंगे, जिनके द्वारा ग्रामों में कृषि रथ के माध्यम से किसानों को कृषि एवं उन्नत तकनीकी सहित अन्य जानकारियों प्रदान की जायेगी।

## आदिवासी बस्ती में किया सेवा कार्य

**गोहद, 16 मई।** सेवा प्रकल्प के द्वारा 35 से अधिक परिवारों के बीच प्रत्येक परिवार में एक राशन किट, सब्जियां, ठंडे पानी के लिए मिट्टी के घड़े इत्यादि का वितरण किया। मालनपुर के ग्राम तिलौरी के पास पहाड़ी पर बेस 35 आदिवासी सहरिया परिवारों जोकि अत्यंत कठिन संघर्षपूर्ण स्थिति में जीवन यापन कर रहे हैं ऐसे आदिवासियों के जीवन में सहयोग का बीड़ा भारत विकास परिषद शाखा गोहद ने उठाया परिषद को सूचना मिलने पर परिषद के सदस्यों ने इस बस्ती का सर्वे कर 35 परिवारों के नाम चिन्हित किए उसे बस्ती में जाकर उनकी खाने पीने के लिए राशन सब्जियां पानी पीने के खड़े इत्यादि उनके बीच वितरित किए इस पुनीत कार्य में नगर निरीक्षक मालनपुर अपने दल के साथ उपस्थित रहे साथ ही परिषद से समस्त पदाधिकारी, ब्रह्माकुमारी आश्रम से बहनें-भाई कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के द्वारा बस्ती में उपस्थित लोगों को प्रेरक संबोधन दिया एवं उन्हें भविष्य में उसे बस्ती के लिए आवश्यक सहयोग करने का आश्वासन दिया।